हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल–246174 (उत्तराखण्ड)
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

Hemwati Nandan Bahuguna Garhwal University, Srinagar (Garhwal), Uttarakhand – 246174
(A Central University)

Telephone : (01346) – 250558
Fax : (01346) – 250558, 250094
Website : www.hnbgu.ac.in
Email : drexamhnbgu@gmail.com

Ref No: HNBGU/परीक्षा/2014/846 — 24 नवम्बर 2014

सेवा में

प्राचार्य/निदेशक समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान

....

....

विषय – वार्षिक परीक्षा 2015 हेतु परीक्षा फार्म प्रेषण के सम्बन्ध में ।

महोदय/महोदया,

विश्वविद्यालय द्वारा प्रेषित पत्र पत्रांक संख्या:HNBGU/परीक्षा/2014/778 दिनांक 10 नवम्बर, 2014 (संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करें। कृपया निम्नलिखित बिन्दुओं पर ध्यान दें:

1. जो छात्र मुख्य परीक्षा वर्ष 2014 में अनुत्तीर्ण तथा अंकसुधार परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं ऐसे सभी छात्र जिनका अंकसुधार परीक्षा का परीक्षाफल घोषित नहीं हुआ है ऐसे सभी छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अंकसुधार परीक्षाफल घोषित होने के अंतर्गत संबंधित महाविद्यालय/संस्थान में प्रवेश लेकर महाविद्यालय/संस्थान ऐसे छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन–पत्र वेबसाईट पर अंकसुधार परीक्षाफल घोषित होने की तिथि से सात दिन के अन्दर परीक्षा आवेदन–पत्र बिना विलम्ब शुल्क के विश्वविद्यालय में जमा करवायें, तत्पश्चात विलम्ब शुल्क रू0 1000/– अगले 15 दिन तक लागू रहेगा। उसके पश्चात आने वाले (वेबसाईट पर अंकसुधार परीक्षाफल घोषित होने की तिथि से 22 दिन के उपरांत) विलम्ब शुल्क रू0 1000/– + रू. 100/– प्रति दिन की दर से प्रति आवेदन–पत्र सहित महाविद्यालय/संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 31 **जनवरी 2015**
2. मुख्य परीक्षा 2014 में उत्तीर्ण छात्र जिन्होंने अंकसुधार परीक्षा दी है परीक्षा आवेदन–पत्र मुख्य अंकतालिका के अनुसार ही भरें। ऐसे छात्रों हेतु आवेदन की तिथि नहीं बढायी जाती है।
3. ऐसे छात्र एवं छात्रायें जो पर्यावरण विज्ञान एवं ऐलीमेंट्री बुककीपिंग में क्वालीफाई नहीं कर पायें हैं वे छात्र एक स्वलिखित प्रार्थना–पत्र के साथ रू. 300/– का डिमांड ड्राफ्ड जो वित अधिकारी, हे.न.ब.ग.वि.वि. श्रीनगर के नाम देय हो संलग्न कर प्रार्थना–पत्र संबंधित महाविद्यालय/संस्थान में जमा करवायेंगे तथा महाविद्यालय/संस्थान उपरोक्त परीक्षा आवेदन के साथ ही ऐसे प्रार्थना–पत्रों को भी विश्वविद्यालय में जमा करवायेंगे। ऐसे सभी छात्र/छात्रायें स्नातक अंतिमवर्ष के पूर्व आवंटित अनुक्रमांक से सम्मिलित होंगे।
4. जिन छात्र/छात्राओं ने स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय की परीक्षा व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण की है तथा पाठ्यक्रम की समयावधि खत्म नहीं हुई हो ऐसे परीक्षार्थियों को सेमेस्टर वाले परीक्षा आवेदन–पत्र भरवाये जायें, ऐसे परीक्षार्थियों की परीक्षा समयावधि के अंतर्गत व्यक्तिगत मानी जायेगी। भूतपूर्व परीक्षार्थी ओ.एम.आर. शीट वाला परीक्षा आवेदन भरेंगे।
5. बी.एड. परीक्षा हेतु परीक्षा आवेदन–पत्र अलग से भेजे जायेंगे।
6. प्रत्येक पाठ्यक्रम/विषय में आवंटित /मान्यता प्राप्त सीट के अनुसार ही परीक्षा फार्म भरे जायें यदि स्वीकृत सीटों से अधिक आवेदन–पत्र महाविद्यालय/संस्थान द्वारा भरे जायेंगे तो उसकी जिम्मेदारी महाविद्यालय की होगी। विश्वविद्यालय ऐसे छात्रों के परीक्षा आवेदन स्वीकार नहीं करेगा तथा यदि त्रुटिवश प्राप्त कर लिये जाते है तो भी ऐसे छात्रों के परीक्षाफल घोषित नहीं किये जायेंगे।
7. महाविद्यालय/संस्थान द्वारा अधिक शुल्क जमा करने की स्थिति में भी विश्वविद्यालय आवंटित सीटों से अधिक छात्रों की परीक्षा किसी भी स्थिति में सम्पन्न नहीं करवायेगा। अतः महाविद्यालय/संस्थान आवंटित/मान्यता प्राप्त सीटों से अधिक शुल्क विश्वविद्यालय पावर ज्योति खाते में अथवा ड्राफ्ट या कैश जमा न करवायें यदि ऐसा किया जाता है तो जमा किया गया अतिरिक्त शुल्क वापस नहीं किया जायेगा न ही आगामी सत्र में समायेजित किया जायेगा।

भवदीय,

(हस्ताक्षर)

उप कुलसचिव (परीक्षा)

प्रतिलिपिः

1. परीक्षा नियंत्रक महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
2. सिस्टम मैनेजर, हे.न.ब.ग.वि.वि. को इस आशय से प्रेषित की इस पत्र को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रसारित करें।
3. अधीक्षक एवं समस्त पटल प्रभारी, परीक्षा अनुभाग को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त का अनुपालन सुनिश्चित करवायें।
4. निजी सचिव, कुलसचिव– कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
5. निजी सचिव, कुलपति–माननीय कुलपति महोदय जी के सादर सूचनार्थ प्रेषित।
6. विश्वविद्यालय नोटिसबोर्ड पर चस्पा करने हेतु।

(हस्ताक्षर) 24/11/14

उप कुलसचिव (परीक्षा)

C:\DR Exams1\Letter Paid.doc\263